डार्क सर्कल दूर करने में मदद करेगी हल्दी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

क्या आपसे भी अक्सर लोग यही कहते हैं कि आप अपनी उम्र से ज्यादा बड़ी दिखती हैं? क्या लोग अक्सर आपका चेहरा देखकर आपको बीमार और थका हुआ कहते हैं? अगर इन सभी सवालों का जवाब हां है तो इन सारी चीजों के लिए सिर्फ एक चीज है जिम्मेदार है और वह है आपकी आंखों के आसपास मौजूद काले घेरे यानी डार्क सर्कल्स।

फिर चाहे ये लैपटॉप या कम्प्यूटर स्क्रीन के सामने देर तक काम करने की वजह से हो या फिर नींद पूरी न होने की वजह से या फिर दिनभर के काम और तनाव की वजह से...

वजह चाहे जो हो डार्क सर्कल्स आपके चेहरे की खूबसूरती छीन लेते हैं और आप अपनी उम्र से ज्यादा बड़ी दिखने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी डार्क सर्कल्स की वजह से परेशान हैं तो स्ट्रेस लेने या फिर केमिकल्स से भरे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स यूज करने की बजाए किचन में मौजूद घरेलू नुस्खे अपना सकती हैं और वह नुस्खा है हल्दी का। अच्छी बात ये है कि हल्दी का कोई साइड इफेक्ट नहीं है और ये आंखों के आसपास की स्किन को हाइड्रेट कर डार्क सर्कल्स दूर करने में मदद करती है।

हल्दी का पेस्ट करेगा जादू जैसा असर: अपने ऐंटि-इन्फ्लेमेट्री और ऐंटिऑक्सिडेंट प्रॉपर्टीज की वजह से हल्दी, डार्क सर्कल्स को दूर करने में कारगर साबित हो सकती है। इसके लिए 2 चम्मच हल्दी पाउडर में 1 चम्मच दही और नींबू के रस की कुछ बूंदें डालें। इस मिश्रण को अच्छी तरह से मिक्स करें और फिर पेस्ट बनाकर आंखों के आसपास मौजूद डार्क सर्कल्स पर अच्छी तरह से लगा लें। करीब 15-20 मिनट के लिए इस पेस्ट को लगा रहने दें और फिर नॉर्मल पानी से वॉश कर लें। बेहतर नतीजों के लिए हल्दी के इस पेस्ट को हर दिन सोने से पहले लगाएं और फिर देखें डार्क सर्कल्स कैसे गायब हो जाएंगे।

ये नुस्खे भी आएंगे काम

- ऑरेंज जूस में ग्लिसरीन मिलाएं और डार्क सर्कल पर लगाकर 20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर पानी से धो लें। हफ्ते में 3 बार ये नुस्खा अपनाएं।
- टमाटर के जूस को आंखों के आसपास लगाएं और 20 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से धो लें।
- खीरे के जूस को हर दिन डार्क सर्कल्स पर लगाएं और 15 मिनट बाद सादे पानी से धो लें। डार्क सर्कल्स कम हो जाएंगे।
- विटामिन ई से भरपूर बादाम का तेल भी डार्क सर्कल्स दूर करने में आपकी मदद कर सकता है।

इस तरह करें सर्दियों का स्वागत, खिली-खिली रहेगी त्वचा

सर्दियों के मौसम में स्किन का ड्राई होना और ड्राईनेस के कारण त्वचा में खिचाव और दरारें पड़ने जैसी समस्या बहुत कॉमन है। ऐसे में सर्दी में भी आपकी त्वचा बिल्कुल निखरी और जवान रहे, इसके लिए आपको खास ख्याल रखना होगा। सिर्फ गुनगुने पानी से नहाने और मॉश्चराइजर लगाने से ही स्किन केयर नहीं होती, उसके लिए सही खान-पान के साथ सही प्रॉडक्ट का भी इस्तेमाल करना होता है।

ऐसा हो आपका बॉडी लोशन: सर्दी के मौसम में चलने वाली शुष्क हवा सबसे पहले त्वचा की नमी को नष्ट करती है। इस मौसम में चेहरे पर ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर पर ही किसी अच्छे बॉडी लोशन या मॉश्चराइजर का प्रयोग करना चाहिए। बॉडी लोशन त्वचा के लिए सुरक्षा कवच का काम करता है, लेकिन अलग-अलग किस्म की त्वचा के लिए अलग-अलग तरह के बॉडी लोशन का प्रयोग करना चाहिए। अगर स्किन ड्राइ है तो ऐसा बॉडी लोशन प्रयोग करें जिसमें मिल्क और ग्लिसरीन की मात्रा हो।

ना करें इनका प्रयोग: सर्दियां आते ही लोग गरम पानी से नहाने लगते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो। अधिक गर्म पानी से नहाने पर स्किन ज्यादा ड्राइ हो जाती है। ठंड में साबुन का प्रयोग बिल्कुल बंद कर दें और गर्मी में प्रयोग होनेवाले स्क्रब भी न लगाएं। मार्केट में विंटर स्पेशल स्क्रब मौजूद हैं, उनका ही प्रयोग करें। अगर ऑयली स्किन है तो स्क्रब प्रयोग कर सकते हैं, लेकिन सप्ताह में एक या 2 बार ही स्क्रब करें।

ऐसे बनाएं फेस मास्क: अंडे का प्रयोग एक अच्छा फेस मास्क के रूप में हो सकता है। अंडे में प्रोटीन और वसा दोनों की मात्रा होती है, इसलिए चेहरे पर फेसमास्क की तरह प्रयोग करने से त्वचा में नमी और ग्लो दोनों ही रहता है। अंडे को शहद में मिलाकर भी फेसमास्क के तौर पर प्रयोग किया जा सकता है।

अपनी फिल्म राधे में अंडरकवर पुलिस बनेंगे सलमान खान?

पिछले दिनों जब सलमान खान ने डायरेक्टर प्रभुदेवा के साथ अपनी फिल्म राधे: यॉर मोस्ट वान्टेड भाई की घोषणा की, तो लोगों ने इसे तेरे नाम से जोड़कर देखा। अब खबर है कि फिल्म में सलमान खान एक अंडरकवर पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगे।

यह ऐसा पुलिस ऑफिसर होगा जो भाई के तौर पर सबके सामने रहता है, जबकि वास्तव में वह अंडरकवर पुलिस वाला है। इस फिल्म की शूटिंग इसी महीने में शुरू होगी और दिल्ली, कोलकाता सहित कई रियल लोकेशन पर इसे शूट किया जाएगा। फिल्म में सलमान के किरदार के बारे में सूत्र बताते हैं, सलमान भाई के किरदार में नजर आएंगे जो कि असल में अंडरकवर पुलिस ऑफिसर है। वह अंडरवर्ल्ड के गैंग्स को खत्म करने के लिए भाई बनकर लोगों के सामने रहता है।

सूत्र आगे बताते हैं, सलमान 4 नवंबर से एक महीने तक फिल्म का पहला शेड्यूल शूट करेंगे। फिल्म में जहां एक ओर बेहतरीन ऐक्शन देखने को मिलेगा, वहीं इमोशनल सीन्स भी काफी होंगे। सेट के बारे में सूत्र ने बताया कि महबूब स्टूडियो में ही इस फिल्म का सेट तैयार किया गया है। बताया गया है कि फिल्म में राधे अपने मिशन को अंजाम देने के लिए दिल्ली, कोलकाता, जयपुर और लखनऊ सहित कई शहरों में जाता है। डायरेक्टर ने अलग-अलग शहरों के लिए कई ऐक्शन सीन सोचे हैं जिन्हें सलमान शूट करेंगे। हालांकि फिल्म की ऐक्ट्रेस को साइन नहीं किया गया है, लेकिन खबरों के मुताबिक, दिशा पाटनी को फिल्म में कास्ट किया जा सकता है।